अमित शाह

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

दिनांक: ...... मार्च, 2026

संदेश

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के स्थापना दिवस के अवसर पर मैं ब्यूरो के सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को राष्ट्र की सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

बीते वर्षों में एनसीबी भारत में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के दुरुपयोग के विरुद्ध संघर्ष में एक अग्रणी संस्था के रूप में उभरा है। सतत आसूचना-आधारित अभियानों, राज्य पुलिस बलों के साथ समन्वित कार्रवाइयों तथा सुदृढ़ अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से ब्यूरो ने ड्रग सिंडिकेट्स का भंडाफोड़ करने, गुप्त प्रयोगशालाओं को ध्वस्त करने तथा प्रीकर्सर रसायनों के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों तथा सिंथेटिक एवं डिज़ाइनर ड्रग्स जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने में ब्यूरो की सक्रिय भूमिका इसकी उच्च कोटि की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में **'नशा-मुक्त भारत'** के संकल्प के प्रति दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है। हमारी रणनीति प्रवर्तन, रोकथाम और पुनर्वास - इन तीनों के संतुलित दृष्टिकोण पर आधारित है। जहाँ एक ओर हम तस्करों और संगठित आपराधिक नेटवर्कों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मादक पदार्थों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने तथा नशे की लत से प्रभावित लोगों के उपचार एवं पुनर्वास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है।

इस स्थापना दिवस के अवसर पर मैं एनसीबी के सभी कर्मियों की पेशेवरिता, साहस और समर्पण की सराहना करता हूँ। राष्ट्र आपके अटूट संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर गर्व करता है। आइए, हम सभी मिलकर भारत की युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखने और उनके भविष्य को नशे की इस गंभीर समस्या से मुक्त बनाने के लिए अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करें।

सादर,

आपका

(अमित शाह)

श्री अनुराग गर्ग, भा. पु.से.
महानिदेशक - स्वापक नियंत्रण ब्यूरो
पश्चिमी ब्लॉक सं. 1, विंग नंबर 5,
आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110 066

कार्यालय : गृह मंत्रालय, कर्तव्य भवन–03, नई दिल्ली–110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई–मेल : hm@nic.in